# उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# (यूपीडा)

## बोर्ड की 48वीं बैठक की कार्यवृत्त।

## दिनांक 27.06.2019

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी–13, पर्यटन भवन, द्वितीय तल, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
☎ 0522. 2307592, 2307542 4004523 फैक्स: 0522.4013560

# उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 27.06.2019 को सम्पन्न हुई 48वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**बैठक में निम्नलिखित प्रतिभागियों ने भाग लिया :–**

1. श्री अवनीश कुमार अवस्थी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –अध्यक्ष
2. श्री श्रीश चन्द्र वर्मा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –सदस्य/सचिव
3. श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा, अपर निदेशक कोषागार, वित्त विभाग उ0प्र0 शासन, (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग) –सदस्य
4. श्री अनिल कुमार, उप सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास उ0प्र0 शासन (प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास) –सदस्य
5. श्री अभय कुमार, उप सचिव, लोक निर्माण, उ0प्र0 शासन (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण) –सदस्य
6. श्री विजय कान्त दुबे, निदेशक, आवास बन्धु (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन) –सदस्य
7. श्री एन0 के0 आदर्श, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 औद्योगिक विकास निगम, लि0 कानपुर। (प्रतिनिधि प्रबन्ध निदेशक) –सदस्य

**विशेष आमंत्रीः–**

1. श्री विश्वजीत राय, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं वित्त नियंत्रक, यूपीडा।
2. श्री अनिल कुमार पाण्डेय, मुख्य अभियन्ता, यूपीडा।
3. श्री मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य अभियन्ता, यूपीडा।
4. श्री राकेश त्रिवेदी, मुख्य तकनीकी सलाहकार, यूपीडा।
5. श्री जे0पी0 सिंह, विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन), यूपीडा।
6. श्री रवीन्द्र गोडबोले, वरिष्ठ सलाहकार (अनुश्रवण एवं मूल्यांकन), यूपीडा।
7. श्री ओ0पी0 पाठक, विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन) यूपीडा।
8. श्री बी0सी0 तिवारी, विशेष कार्याधिकारी, वन, यूपीडा।
9. श्री एन0एन0 श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक (सिविल), यूपीडा।
10. श्री के0के0 सिंह विसेन, विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा।
11. श्री डी0पी0 सिंह, विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा।
12. श्री चुनकू राम पटेल, विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन), यूपीडा।
13. श्री के0के0 गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार (वित्तीय संस्थाए), यूपीडा।
14. श्री अनूप श्रीवास्तव, वरिष्ठ सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
15. श्री किशोर पाण्डेय, सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
16. श्री बी0एस0 दुबे, सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
17. श्री संजय चावला, डिप्टी कलेक्टर (प्रभारी प्रशासन), यूपीडा।
18. श्री अनन्त कुमार शर्मा, अधिशासी अभियन्ता, यूपीडा।
19. श्री दुर्गेश उपाध्याय, मीडिया सलाहकार, यूपीडा।
20. श्री शरद तिवारी, विधि सलाहकार, यूपीडा।

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों का 48वीं निदेशक मण्डल की बैठक में स्वागत किया गया एवं एजेण्डा नोट पर बिन्दुवार चर्चा प्रारम्भ की गईः–

**एजेण्डा बिन्दु–01:–** **उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 06.06.2019 सम्पन्न हुई 47वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल से अनुरोध किया गयाः–**

**कार्यवाही/निर्णयः–**

निदेशक मण्डल द्वारा 47वीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत होते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**एजेण्डा बिन्दु–02:–** **उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 06.06.2019 को सम्पन्न 47वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बिन्दुवार निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गयाः–**

**कार्यवाही/निर्णयः–** निदेशक मण्डल द्वारा उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 06.06.2019 को सम्पन्न हुई 47वीं बोर्ड बैठक में लिए गये निर्णयों के सम्बन्ध में प्रस्तुत अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया, अनुपालन से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।

**एजेण्डा बिन्दु–03:–** **'पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे' पर 8 'वे–साइड एमेनिटीज' एवं 'ट्वायलेट ब्लॉक्स', बी0ओ0टी0 के आधार पर पी0पी0पी0 मोड में स्थापित किये जाने हेतु परामर्शी नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में :–**

**कार्यवाही/निर्णय** निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि निर्माणाधीन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 08 'वे–साइड एमेनिटीज़' एवं 08 'टायलेट ब्लॉक्स', बी0ओ0टी0 के आधार पर पी0पी0पी0 मोड में विकसित किये जाने हेतु परामर्शी की नियुक्ति के लिये टर्म्स ऑफ रिफेरेन्स (टी0ओ0आर0) तैयार किया गया है, जिसे निदेशक मण्डल के विचार–विमर्श एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया।

निदेशक मण्डल द्वारा विचार–विमर्शोपरान्त निर्णय लिया गया कि प्रत्येक टॉयलेट ब्लॉक में ढाबा, टॉयलेट्स, पार्किंग एवं वर्कशाप की भी व्यवस्था की जाये तथा प्रत्येक टॉयलेट ब्लॉक हेतु लगभग 05 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर क्रय/अधिग्रहित की जाये। मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा द्वारा वरिष्ठ सलाहकार (अनुश्रवण एवं मुल्यांकन) तथा सलाहकार (भू–अर्जन) को सर्वे कर भूमि चिन्हित करने हेतु निदेशित किया गया। निदेशक मण्डल द्वारा यह भी निदेशित किया गया कि वे–साइड एमेनिटीज़ के परिसर में से तकनीकी प्रकोष्ठ द्वारा फ्यूल स्टेशन का एरिया अलग से चिन्हित कर लिया जाये, जिसे पृथक से विकसित किया जाये।

निदेशक मण्डल द्वारा बैठक में प्रस्तुत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 08 'वे–साइड एमेनिटीज़' एवं 08 'टायलेट ब्लॉक्स', बी0ओ0टी0 के आधार पर पी0पी0पी0 मोड में स्थापित किये जाने हेतु परामर्शी नियुक्त किये जाने के लिये प्रस्तुत टी0ओ0आर0 पर अनुमोदन प्रदान करते हुए परामर्शी के चयन सम्बन्धित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निदेशित किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–04:–** **'बलिया लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना' विकसित किये जाने हेतु 'परियोजना विकास व डी0पी0आर0 परामर्शी' के चयन के सम्बन्ध में :–**

**कार्यवाही/निर्णय** निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार द्वारा दिनांक 21.05.2019 को आहूत समीक्षा बैठक में 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' को एक लिंक मार्ग के माध्यम से बलिया से जोड़े जाने हेतु मार्ग निर्माण की योजना पर अविलम्ब कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु निदेशित किया गया था। तद्क्रम में 04 लेन (06 लेन तक विस्तारित किये जाने योग्य) एक्सेस कन्ट्रोल्ड (ग्रीन फील्ड) 'बलिया लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना' विकसित किये जाने के उद्देश्य से 'परियोजना विकास व डी0पी0आर0 परामर्शी' के चयन के लिये तैयार किये गये [illegible]

आलेख्य तथा पेमेन्ट टर्म्स को निदेशक मण्डल के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि उक्त टी0ओ0आर0 तथा पेमेन्ट टर्म्स पूर्व में गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के परामर्शी चयन हेतु निर्धारित टी0ओ0आर0 तथा पेमेन्ट टर्म्स के आधार पर तैयार किये गये हैं।

निदेशक मण्डल द्वारा बैठक में प्रस्तुत टी0ओ0आर0 तथा पेमेन्ट टर्म्स पर विचार–विमर्शोपरान्त अनुमोदन प्रदान करते हुए परामर्शी के चयन सम्बन्धित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निदेशित किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–05:–** **डिफेन्स इण्डिस्ट्रियल कॉरिडोर से सम्बन्धित वन विभाग की सहमति (फॉरेस्ट क्लीयरेन्स) एवं पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण–पत्र किये जाने हेतु परामर्शी के चयन के सम्बन्ध में।**

**कार्यवाही / निर्णय** निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–2091 / 77–6–18–एल.सी.–47 / 18 टीसी दिनांक 04.07.2018 द्वारा यूपीडा को प्रस्तावित डिफेन्स कॉरिडोर से सम्बन्धित निम्न कार्यो हेतु नोडल एजेन्सी नामित किया गया था::–

1. प्रस्तावित डिफेन्स कॉरिडोर हेतु भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी कार्य।
2. डिफेन्स कॉरिडोर के क्रियान्वयन एवं स्वामित्व का कार्य भारत सरकार के डिफेन्स पॉलिसी की गाइडलाइन्स के अनुसार एस0पी0वी0 के माध्यम से कराया जाना।

उपरोक्त के क्रम में निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि जनपद लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झाँसी एवं चित्रकूट में छः नोड चिन्हित किये गये हैं जिनका कुल क्षेत्रफल लगभग 5071 हे0 है। इन चिन्हित नोड्स में से जनपद झाँसी, चित्रकूट एवं अलीगढ़ में फेज–1 हेतु लगभग 3570.489 हे0 की भूमि यूपीडा द्वारा क्रय कर ली गयी है। जनपद आगरा, लखनऊ एवं कानपुर नोड्स को फेज–2 में विकसित किये जाने हेतु योग्य भूमि चिन्हित एवं अन्तिमीकृत की जा रही है।

निदेशक मण्डल को यह भी अवगत कराया गया कि नोडल एजेन्सी के रूप में उपरोक्त डिफेन्स कॉरिडोर के सभी नोड्स हेतु वन विभाग की आपत्ति (फॉरेस्ट क्लीयरेन्स) एवं पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण–पत्र प्राप्त किये जाने हेतु यूपीडा द्वारा एक परामर्शी का चयन किया जाना है। इस उद्देश्य से ई–निविदा के माध्यम से परामर्शी के चयन के लिये 'टर्म्स ऑफ रिफेरेन्स' (टी0ओ0आर0) तैयार कर निदेशक मण्डल के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

निदेशक मण्डल द्वारा बैठक में प्रस्तुत टी0ओ0आर0 तथा क्वॉलीफिकेशन एवं मूल्यांकन की शर्तो पर विचार–विमर्शोपरान्त अनुमोदन प्रदान करते हुए परामर्शी के चयन सम्बन्धित अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निदेशित किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–06:–** **मा0 उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में प्रचलित वादों के विवरण अद्यतन स्थिति दिनांक 24.06.219 तक संलग्न 1 पर स्थापित एवं यूपीडा में मा0 उच्च न्यायालय में योजित वादों के संक्षिप्त विवरण :–**

**कार्यवाही / निर्णय** निदेशक मण्डल द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत होते हुये संस्तुति व्यक्त की गई।

**एजेण्डा बिन्दु–07** **अधिष्ठान एवं प्रशासन से सम्बन्धित कार्यों का अनुमोदन :–**

1. **संविदा पर कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों के सेवा विस्तार का अनुमोदन प्राप्त किया जाना:–**

मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अनुमोदन के आधार पर संविदा पर कार्यरत निम्नवत् अधिकारियों/कर्मचारियों का प्राधिकरण के कार्यहित में सेवा विस्तार किया गया है, जिसका अनुमोदन निदेशक मण्डल की बोर्ड बैठक में प्राप्त किया जाना है:-

| क्र0सं0 | नाम अधिकारी/कर्मचारी | पदनाम | पूर्व नियुक्ति अवधि | सेवा विस्तार अवधि | सेवा विस्तार के पश्चात् नियुक्ति अवधि | यूपीडा आदेश संख्या/ तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री भोला नाथ यादव | डाक रनर | 28.05.2019 | 06 माह | 28.11.2019 | 965/यूपीडा/467/15/अधि0 दिनांक 21.05.2019 | सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा यूपीडा में भविष्य में इनके कार्य की आवश्यकता के दृष्टिगत समीक्षा करते हुए सेवा विस्तार किया गया। |
| 2 | श्री प्रकाश नारायण टण्डन | प्रबन्धक (पर्यावरण) | 28.05.2019 | 06 माह | 28.11.2019 | 1017/यूपीडा/468/15/अधि0 दिनांक 23.05.2019 | -- तदैव-- |
| 3 | श्री चुनकू राम पटेल | विशेष कार्याधिकारी (भू-अर्जन) | 30.06.2019 | 06 माह | 03.12.2019 | 1016/यूपीडा/1129/18/अधि0 दिनांक 23.05.2019 | -- तदैव-- |
| 4 | श्री जय प्रकाश सिंह | सलाहकार (भू-अर्जन) | 11.05.2019 | एक वर्ष | 11.05.2020 | 483/यूपीडा/705/17/अधि0 दिनांक 26.05.2019 | -- तदैव-- |
| 5 | श्री जितेन्द्र नाथ तिवारी | राजस्व सहायक | 19.05.2019 | 03 माह | 19.08.2019 | 1052/यूपीडा/1223/19/अधि0 दिनाक 24.05.2019 | -- तदैव-- |
| 6 | श्रीमती कुसुम लता | वैयक्तिक सहायक | 28.06.2019 | 06 माह | 28.12.2019 | 957/यूपीडा/824/17/अधि0 दिनांक 21.05.2019 | -- तदैव-- |
| 7 | श्री गोपाल सिंह रावत | वैयक्तिक सहायक | 20.06.2019 | 06 माह | 20.12.2019 | 1432/यूपीडा/939/18/अधि0 दिनांक 11.06.2019 | -- तदैव-- |
| 8 | श्री बी0के0 चतुर्वेदी | निजी सचिव | 30.06.2019 | 06 माह | 31.12.2019 | 1501/यूपीडा/568/16/अधि0 दिनांक 14.06.2019 | -- तदैव-- |
| 9 | श्री प्रेम प्रकाश सिंह | लेखाकार | 30.06.2019 | 03 माह | 30.09.2019 | 1587/यूपीडा/519/15/अधि0 दिनांक 18.06.2019 | -- तदैव-- |
| 10 | श्री चन्द्र प्रकाश वर्मा | सहायक सुरक्षा अधिकारी | 06.06.2019 | 06 माह | 06.09.2019 | 1298/यूपीडा/840/18/अधि0 दिनांक 06.06.2019 | -- तदैव-- |
| 11 | श्री नरेश चन्द्र गुप्ता | परामर्शी (डिफेन्स कॉरोडोर) | 06.06.2019 | 03 माह | 06.09.2019 | 1323/यूपीडा/1312/19/अधि0 दिनांक 06.06.2019 | -- तदैव-- |
| 12 | श्री रमेश चन्द्र बैशवार, | राजस्व निरीक्षक | 30.06.2019 | 06 माह | 31.12.2019 | 1502/यूपीडा/318/14/अधि0 दिनांक 14.06.2019 | -- तदैव-- |
| 13 | डा0 शिव सिंह कनौजिया | सहायक प्रबन्धक (अधिष्ठान) | 18.06.2019 | 03 माह | 18.09.2019 | 1566/यूपीडा/1323/19/अधि0 दिनांक 18.06.2019 | -- तदैव-- |
| 14 | श्रीमती कंचन तिवारी | आडिटर/लेखाकार | 12.07.2019 | 06 माह | 12.01.2020 | 1652/यूपीडा/503/15/अधि0 दिनांक 20.06.2019 | -- तदैव-- |
| 15 | श्री रवीन्द्र कुमार गोडबोले | वरिष्ठ सलाहकार (अनुबन्ध एवं मूल्यांकन) | 09.07.2019 | 06 माह | 09.01.2020 | 1651/यूपीडा/1182/18/अधि0 दिनांक 20.06.2019 | -- तदैव-- |
| 16 | श्री अंकित भारद्वाज | सहायक प्रबन्धक (वित्त) | 25.06.2019 | 06 माह | 25.12.2019 | 1754/यूपीडा/747/14/अधि0 दिनांक 25.06.2019 | -- तदैव-- |
| 17 | श्री दिनेश चन्द्र सक्सेना | सहायक प्रबन्धक (लेखा) | 30.06.2019 | 06 माह | 30.12.2019 | 1755/यूपीडा/247/14/अधि0 दिनांक 25.06.2019 | -- तदैव-- |
| 18 | श्री आत्मा प्रसाद वर्मा | विशेष कार्याधिकारी | 01.07.2019 | 06 माह | 01.01.2020 | 1739/यूपीडा/970/18/अधि0 दिनांक 24.06.2019 | -- तदैव-- |

**कार्यवाही / निर्णय** अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों को अवगत कराया गया कि यूपीडा में प्रबन्धक पर्यावरण श्री प्रकाश नारायण टण्डन द्वारा त्याग पत्र दे दिया गया है एवं पद का विज्ञापन कर प्रबन्धक पर्यावरण के पद पर शीघ्र तैनाती कर ली जायेगी। साथ ही सहायक प्रबन्धक (प्रशासन) श्री अनिल कुमार गुप्ता को उनके विरूद्ध शिकायत प्राप्त होने पर पद से हटा दिया गया है। प्रस्ताव से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल द्वारा अधिष्ठान के उपरोक्त प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया, तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

**एजेण्डा बिन्दु–08:–** **उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इन्डस्ट्रियल डेवलपमेन्ट अथारिटी (यूपीडा) का आय व्ययक। वित्तीय वर्ष 2019–20 अनुपूरक बजट मॉग का विवरण :–**

आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित 06 लेन एक्सप्रेसवें (ग्रीन फील्ड) परियोजना, पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे परियोजना, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना तथा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवें के साथ डिफेन्स कॉरिडोर परियोजना का समयबद्ध विकसित / क्रियान्वित / पूर्ण करने हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकृति / आवंटित बजट धनराशि का परियोजना के पक्ष में उपयोग / व्ययक विवरण के सम्बन्ध में।

**वित्तीय वर्ष 2019–20 में प्राप्त बजट की स्थिति** (धनराशि करोड में)

- **प्रवेष नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना (पूर्वांचल एक्सप्रेसवे)**

| क्र0सं0 | विवरण | बजट प्राविधान | आहरित धनराशि | व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुदान संख्या–07 | 1194.33 | 1136.51. | 1136.51 |
| | **योग** | **1194.33** | **1136.51.** | **1136.51** |

- **यूपीडा द्वारा पूर्वांचल एक्प्रेसवे के निर्माण हेतु वित्त संस्थाओं से लिये गये ऋण पर देय व्याज हेतु सहायता–समान्य गैर वेतन) के वित्तीय वर्ष 2019-20 प्राप्त बजट की स्थिति** :

| क्र0सं0 | विवरण | बजट प्राविधान | आहरित धनराशि | व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुदान संख्या–07 | 413.02 | 59.64 | 59.64 |
| | **योग** | **413.02** | **59.64** | **59.64** |

- **आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे परियोजना के वित्तीय वर्ष 2019-20 मे प्राप्त बजट की स्थिति**

| क्र0सं0 | विवरण | बजट प्राविधान | आहरित धनराशि | व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुदान संख्या–07 | 100.00 | 74.48 | 21.50 |
| | **योग** | **100.00** | **74.48** | **21.50** |

- **गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के वित्तीय वर्ष 2019-20 मे प्राप्त बजट की स्थिति**

| क्र0सं0 | विवरण | बजट प्राविधान | आहरित धनराशि | व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुदान संख्या–07 | 1000.00 | 0.00 | 0.00 |
| | **योग** | **1000.00** | **0.00** | **0.00** |

- **बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के वित्तीय वर्ष 2019-20 मे प्राप्त बजट की स्थिति**:

| क्र0सं0 | विवरण | बजट प्राविधान | आहरित धनराशि | व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुदान संख्या–07 | 1000.00 | 900.00 | 900.00 |
| | **योग** | **1000.00** | **900.00** | **900.00** |

- <u>बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के साथ डिफेंस कारीडोर परियोजना के वित्तीय वर्ष 2019-20 मे प्राप्त बजट की स्थिति</u>

| क्र0सं0 | विवरण | बजट प्राविधान | आहरित धनराशि | व्यय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुदान संख्या–07 | 500.00 | 0.00 | 0.00 |
| | **योग** | **500.00** | **0.00** | **0.00** |

उ0प्र0 शासन की शीर्षस्थ प्राथमिकता में सम्मिलित पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे परियोजना गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवें के साथ डिफेन्स कॉरिडोर परियोजना तथा आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित 06 लेन एक्सप्रेसवें (ग्रीन फील्ड) परियोजना, हेतु **वित्तीय वर्ष 2019–20** के लिए अनुदान सं0–007 में **अनुपूरक मांग के माध्यम** से आय–व्ययक का प्रस्ताव शासन के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया गया हैं।

## वित्तीय वर्ष 2019–20

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिये अनुपूरक मांग के माध्यम से जो आय–व्ययक का प्रस्ताव भेजा है, वह सारभूत रूप में निम्नवत् है:–

✓ **पूर्वान्चल प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना** (धनराशि करोड में)

| क0 सं0 | मद | सम्भावित व्यय | वित्तीय संस्था से ऋण | शासन से मांग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूमि कय हेतु | — | — | — |
| 2 | निर्माण कार्य हेतु | 3710.00 | 2686.00 | 1024.00 |
| 3 | यूटीलिटी शिफ्टिंग एवं अन्य व्यय | — | — | — |
| | **कुल योगः–** | **3710.00** | **2686.00** | **1024.00** |

✓ **बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना**

| क0 सं0 | मद | सम्भावित व्यय | वित्तीय संस्था से ऋण | शासन से मांग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूमि कय/अधिग्रहण हेतु | 670.11 | | 670.11 |
| 2 | निर्माण कार्य, यूटीलिटी शिफ्टिंग एवं अन्य व्यय हेतु | 2490.00 | 1370.00 | 1120.00 |
| 3 | वित्तीय संस्थाओं से लिये गये ऋण पर देय ब्याज हेतु सहायता | 51.67 | — | 51.67 |
| | **कुल योगः–** | **3211.78** | **1370.00** | **1847.78** |

✓ **गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना**

| क0 सं0 | मद | सम्भावित व्यय | वित्तीय संस्था से ऋण | शासन से मांग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भूमि कय हेतु | | | |
| 2 | निर्माण कार्य हेतु | 813.00 | 375.00 | 438.00 |
| 3 | वित्तीय संस्थाओं से लिये गये ऋण पर देय ब्याज हेतु सहायता | 14.18 | — | 14.18 |
| | **कुल योगः–** | **827.18** | **375.00** | **452.18** |

✓ **आगरा–लखनऊ प्रवेश नियंत्रित 06 लेन एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना**

| क0 सं0 | मद | सम्भावित व्यय | वित्तीय संस्था से ऋण | शासन से मांग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण कार्य मे अवशेष | 82.30 | — | 82.30 |
| 2 | अनुरक्षण एवं अन्य व्यय | 75.13 | | 75.13 |
| 3 | आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुविधा एवं यातायात की सुरक्षा हेतु | 80.69 | | 80.69 |
| 4 | आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे परियोजना के पैकेज सं0–2, 3 4 एवं 5 के ठेकेदारों के द्वारा पैकेजों से संबधित दावे | 967.03 | | 967.03 |

✓ गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना

| क0 सं0 | मद | सम्भावित व्यय | वित्तीय संस्था से ऋण | शासन से मांग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शी सेवाओं में व्यय | 15.00 | — | 15.00 |
| | कुल योगः— | **15.00** | — | **15.00** |

**आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर टोल शुरू (19.01.2018 की रात्रि 12 बजे) के पश्चात् आय–व्यय की स्थिति**

आगरा–लखनऊ (ग्रीन फील्ड) एक्सप्रेसवे परियोजना पर टोल दिनांक 20.01.2018 से प्रारम्भ हुआ है, टोल वसूली का कार्य M/s PNC Infratech Limited द्वारा दिनांक 18.09.2018 तक किया गया है। तत्पश्चात दिनांक 19.09.2018 से उक्त एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली का कार्य **मे0 ईगल इन्फ्रा इण्डिया लि0** द्वारा किया जा रहा है। जिसका उपयोग/व्ययक विवरण निम्नवत् हैः–

आय की स्थिति

| | माह | टोल संग्रह धनराशि | |
|---|---|---|---|
| | | PNC toll agency | Eagle Infra Agency |
| 1 | **Financial Year 2018-2019** | | |
| | 20.01-2018 to 18.09.2018 | 1193895135.00 | |
| | september'18 | | 30382041.00 |
| | October'18 | | 212674290.00 |
| | November'18 | | 170139432.00 |
| | December'18 | | 170139432.00 |
| | January'19 | | 212674290.00 |
| | February'19 | | 170139432.00 |
| | March'19 | | 170139432.00 |
| 2 | **Financial Year 2019-2020** | | |
| | April'19 | | 212674290.00 |
| | May'19 | | 170139432.00 |
| | June'19 | | 170139432.00 |
| | योगः– | 1193895135.00 | 1689241503.00 |
| | कुल योग | 2883136638.00 | |

व्यय की स्थिति

| A | भुगतान की गयी धनराशि | भुगतान |
|---|---|---|
| 1 | इलाहाबाद बैंक को किये गये व्याज का भुगतान | 1189726398.00 |
| 2 | पैट्रोलिंग, भूतपूर्व सैनिक, सुरक्षा, एम्बुलेंस का व्यय, कंट्रोल रूम पर व्यय | 31724319.00 |
| 3 | हुडको द्वारा प्री–पेमेन्ट चार्जेज का भुगतान | 92630000.00 |
| 4 | टोल ऐजन्सी को भुगतान (january'18 to September 18) | 341331118.00 |
| 5 | नये वाहन का रजिस्टेशन | 2012925.00 |
| 6 | नये वाहन का भुगतान | 19949130.00 |
| 7 | इलाहाबाद बैंक को किये गये Principal का भुगतान | 950000000.00 |
| | योगः– | 2627373890.00 |
| अवशेष | | 255762748.00 |

**कार्यवाही/निर्णय** निदेशक मण्डल द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत होते हुये संस्तुति प्रदान की गई।

**एजेण्डा बिन्दु–09ः–** **यूपीडा की विभिन्न एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के सम्बन्ध में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई समीक्षा बैठक दिनांक 21.05.2019 एवं 17.06.2019 कार्यवृत्त निदेश मण्डल के सदस्यों को अवलोकनार्थः–**

मा0 मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक दिनांक 17.06.2019 में लिये गये निर्णय के क्रम में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर फ्यूल स्टेशन तथा ढाबा, पार्किंग एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था का एकमुश्त प्रस्ताव आई0ओ0सी0एल0 से एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुविधा एवं यातायात की सुरक्षा की दृष्टि से कतिपय कार्य–

1. 04 रेस्ट एरिया में प्रत्येक स्थल पर 01–01 टॉयलेट ब्लाक (कुल लागत–रू0 2.75 करोड़)।
2. लखनऊ एवं आगरा स्थित मेन टोल प्लाजा पर टॉयलेट ब्लाक एवं कैन्टीन का निर्माण (कुल लागत–रू0 2.8198 करोड़)।
3. लखनऊ एवं आगरा स्थित मेन टोल प्लाजा पर सुरक्षा कर्मियो के लिए डॉरमेट्री, कार्यालय कक्ष (कुल लागत–रू0 0.1674 करोड़) का निर्माण ।
4. एक्सप्रेसवे की शोल्डर लाइन तथा मीडियम साइड में रोड स्टड्स लगाने के कार्य (कुल लागत–रू0 2.1027 करोड़)
5. एक्सप्रेसवे के किमी0 76, 92 एवं 116 में यूपीडा की भूमि पर बारबेड वायर फेसिंग लगाने का कार्य (कुल लागत–रू0 0.3515 करोड़)

**कार्यवाही / निर्णय** उपरोक्त कार्यों के सम्बन्ध में निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि यूपीडा द्वारा आगणन गठित कर निविदा आमंत्रित करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। यह भी अवगत कराया गया कि कार्य सम्पादन हेतु आवश्यक धनराशि का प्रावधान प्रदेश के अनुपूरक बजट में करने के लिए यूपीडा द्वारा शासन से अनुरोध किया जा रहा है। निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त कार्यों को कराने पर सहमति व्यक्त की गई।

**एजेण्डा बिन्दु–10:–** **यूपीडा में संचालित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव द्वारा किये गये निरीक्षण दिनांक 02.06.2019 का कार्यवृत्त निदेश मण्डल के सदस्यों को अवलोकनार्थ :–**

**कार्यवाही / निर्णय** अध्यक्ष महोदय द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि यूपीडा में संचालित सभी परियोजनाओं का सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रत्येक सोमवार को समीक्षा की जायेगी एवं प्रगति से मुख्य सचिव महोदय के स्टॉफ ऑफिसर को अवगत कराया जायेगा।

**अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–01:–** **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पी0आई0यू0 एवं आगरा के 01 पी0आई0यू0 हेतु चौकीदार के पदों का अनुमोदनः–**

**कार्यवाही / निर्णयः–** एक्सप्रेसवे निर्माण हेतु स्थापित पी0आई0यू0 के प्रभारी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया था, कि पी0आई0यू0 पर 24×7 डयूटी हेतु तैनात किये गये 03 चौकीदार संख्या पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक अवकाश एवं कर्मियों के अवकाश लेने की स्थिति में चौकीदारों से अधिक 08 घण्टे से अधिक कार्य कराया जाना होता है, सभी पी0आई0यू0 पर एक अतिरिक्त चौकीदार का पद दिया जाना आवश्यक है। तथ्यों से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों ने आउटसोर्सिंग संस्था के माध्यम से प्रत्येक पी0आई0यू0 पर 04 चौकीदर तैनात किये जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया।

**अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–02:–** **आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक की सुरक्षा हेतु CSIR-CRRI द्वारा प्रस्तुत रोड़ सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट में की गई संस्तुतियॉ :–**

बैठक में निर्णय लिया गया कि CSIR-CRRI द्वारा प्रस्तुत रोड़ सेफ्टी

का आगणन शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जायेगा। CSIR-CRRI द्वारा संस्तुत नये रेस्ट एरिया के निर्माण के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि रेस्ट एरिया के लिए यूपीडा द्वारा भूमि आवंटित की जायेगी। रेस्ट एरिया विकसित करने के लिए अलग से ई0ओ0आई0 आमंत्रित की जायेगी।

**कार्यवाही / निर्णयः–** उपरोक्त प्रयोजन से निदेशक मण्डल द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

**अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–03:– यूपीडा की विभिन्न परियोजनाओं के कियान्वयन से सम्बन्धित कान्ट्रैक्टर्स के क्लेम्स पर तकनीकी परामर्श देने हेतु ई–टेण्डर के माध्यम से एक तकनीकी परामर्शी / संस्था के चयन हेतु तैयार किये गये 'स्कोप ऑफ वर्क' एवं अर्हता की शर्तों पर यूपीडा निदेशक मण्डल के अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

**कार्यवाही / निर्णयः–** निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि "आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे" के कतिपय पैकेजों के निर्माणकर्ताओं द्वारा यूपीडा को प्रस्तुत किये गये बिलों के भुगतान में बहुधा मतैक्य न होने के कारण निर्माणकर्ताओं द्वारा यूपीडा को क्लेम्स प्रस्तुत किये जाते हैं, जिनका त्वरित तकनीकी एवं विधिक परीक्षण कर निस्तारण किया जाना आवश्यक होता है। निदेशक मण्डल को यह भी अवगत कराया गया कि इस प्रयोजन से यूपीडा द्वारा एक विधिक विशेषज्ञ को आबद्ध किया गया है तथा क्लेम्स पर तकनीकी परामर्श हेतु एक तकनीकी विशेषज्ञ / फर्म की आवश्यकता है। उक्त तकनीकी विशेषज्ञ / फर्म के चयन के सम्बन्ध में ई0ओ0आई0 जारी करने के लिये तैयार किये गये 'स्कोप ऑफ वर्क' एवं अर्हता अभिलेख यूपीडा निदेशक मण्डल के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया।

निदेशक मण्डल द्वारा सम्यक विचारोपरान्त "आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे" के कतिपय पैकेजों के निर्माणकर्ताओं द्वारा यूपीडा को प्रस्तुत किये गये क्लेम्स के परीक्षण एवं निस्तारण हेतु टेक्नो लीगल एक्सपर्ट / फर्म के चयन के सम्बन्ध में इ0ओ0आई0 जारी करने हेतु अनुमोदन प्रदान करते हुए निदेशित किया गया कि प्रस्तुत टी0ओ0आर0 में टेक्नो लीगल एक्सपर्ट / फर्म से सम्बन्धित समुचित संशोधनों का समावेश करते हुए ई0ओ0आई0 जारी करने की कार्यवाही की जाये।

**तिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–04:– यूपीडा में आउटसोर्सिंग एजेन्सी के माध्यम से कार्यरत स्टाफ को देय वेतन को पुनरीक्षित किये जाने के सम्बन्ध में गठित समिति के संस्तुतियों का अनुमोदन**

**कार्यवाही / निर्णयः–** निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि यूपीडा में सपोर्ट स्टाफ सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध कराया जाता है, जिसका निर्धारण निविदा के माध्यम से किया जाता है, वर्ष 2015 में यूपीडा द्वारा निविदा में निविदाकर्ता को कर्मचारी के निर्धारित वेतन से अवगत कराया गया था, जो पूर्व में लघु उद्योग निगम, कानपुर द्वारा यूपीडा में आउटसोर्सिंग कर्मियों को भुगतान किया जा रहा था। वर्ष 2015 से अभी तक यही भुगतान किया जा रहा है। कर्मियों द्वारा कम वेतन दिये जाने की मॉग के दृष्टिगत मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें यह संस्तुति की गई थी, कि उद्योग विभाग के अन्य प्राधिकरण यथा ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे एवं उपशा में आउटसोर्सिंग कर्मियों को मिल रहे वेतन के समतुल्य वेतन दिया जाना उचित होगा। अन्य प्राधिकरणों में दिये जा रहे वेतन से आकलन निर्धारण 25 प्रतिशत की धनराशि वृद्धि के रूप में स्वीकार की गई जो, अन्य प्राधिकरणों के समतुल्य कर्मियों के वेतन से कम है।

उक्त तथ्यात्मक विवरण पर निदेशक मण्डल के सदस्यों से चर्चा उपरान्त अध्यक्ष महोदय द्वारा यह व्यवस्था दी गई की लेखाकार के वेतन में वृद्धि किये जाने की आवश्यकता नहीं किन्तु कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–01 को रू0 20500 एवं कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–02 को रू0 18775 एवं अनुसेवक को रू0 11750 अनुमन्य किया जाना उचित होगा। किन्तु यह वृद्धि कार्य गुणवत्ता बढाने के दृष्टिगत यह आवश्यक है, कि अच्छे कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाये अतः जो कम्प्यूटर आपरेटर 30 शब्द प्रतिमिनट से अधिक टंकण गति रखते है, उन्हें ग्रेड–01 का वेतन जो कम्प्यूटर आपरेटर 25 शब्द प्रतिमिनट से 30 प्रतिमिनट रखते है। उन्हें ग्रेड–02 का वेतन देय होगा, 25 शब्द से कम गति रखने वाले कर्मियों को टंकण परीक्षा के आधार पर 02 अवसर 06 माह के अन्तराल में दिये जायेंगे एवं वेतन में कोई वृद्धि नहीं होगा। तदोपरान्त असफल रहने पर सेवा एजेन्सी से प्रतिस्थानी हेतु वापस भेज दिया जायेगा। इस सम्बन्ध में पूर्व निर्धारित अनुबन्ध के आधार पर की गई व्यवस्था पूर्ववत् रहेंगी। जिसमें किसी ग्रेड के समतुल्य वेतन पर पृथक पद नाम से कर्मी तैनात किये जा सकते है। कर्मियों के वेतन वृद्धि को अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2019 से अनुमन्य किया गया है एवं उससे पूर्व सभी कम्प्यूटर आपरेटरों की टंकण परीक्षा कर उनकी श्रेणी निर्धारित किये जाने के निर्देश दिये गये है। उपरोक्त व्यवस्था से निदेशक मण्डल के सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की एवं प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–05:– आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्राफिक की सुरक्षा एवं यात्रियों की सुविधा हेतु कतिपय कार्यः–**

आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्राफिक की सुरक्षा हेतु एक्सप्रेसवे के मुख्य कैरिजवे पर रोड स्टड्स लगाने, टोल प्लाजा पर टॉयलेट एवं कैन्टीन का निर्माण एवं एक्सप्रेसवे के बगल में यूपीडा की भूमि को सुरक्षित करने हेतु बारबेड वायर फैंसिग लगाने का कार्य आवश्यक है। इस हेतु कार्य कराने के लिये निम्नलिखित आगणन गठित किये गये हैः–

| क0सं0 | कार्य का नाम | लागत (रू0 लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के कि0मी0 21 में स्थित टोल प्लाजा के समीप दाये एवं बायें तरफ कैन्टीन एवं टॉयलेट का निर्माण। | 124.74 |
| 2 | आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के कि0मी0 290 में स्थित टोल प्लाजा के समीप दाये एवं बायें तरफ कैन्टीन एवं टॉयलेट का निर्माण। | 157.24 |
| 3 | एक्सप्रेसवे के कि0मी0 21 में स्थित टोल प्लाजा पर कार्यालय कक्ष एवं गेस्ट रूम का निर्माण। | 8.26 |
| 4 | एक्सप्रेसवे के कि0मी0 290 में स्थित टोल प्लाजा पर कार्यालय कक्ष एवं गेस्ट रूम का निर्माण। | 8.48 |
| 5 | आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे की सम्पूर्ण लम्बाई में शोल्डर एवं मीडीयन की तरफ रोड स्टड्स लगाने का कार्य। | 196.63 |
| 6 | आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के कि0मी0 72,92, एवं 116 में यूपीडा की भूमि को सुरक्षित करने हेतु बारबेड वायर फैंसिग लगाने का कार्य। | 35.15 |
| 7 | आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के 04 वे–साईड एमिनिटीज पर अतिरिक्त टॉयलेट का निर्माण। | 267.26 |

**कार्यवाही / निर्णयः–** प्रस्ताव से अवगत होने पर निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–06ः– बाउण्ड्री पिलर लगाये जाने हेतु निविदा**

**कार्यवाही / निर्णयः–** बाउण्ड्री पिलर लगवाने की कार्यवाही की जा रही है।

अंत में उप मुख्य कर्यपालक अधिकारी द्वारा माननीय अध्यक्ष एवं बोर्ड के सदस्यों को बैठक में प्रतिभाग हेतु धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

---

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 27.06.2019 को सम्पन्न हुई 48वीं बैठक के उपरोक्त कार्यवृत्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा, पत्रावली में दिनांक 05 जुलाई, 2019 को अनुमोदित किये गये है।

**(श्रीश चन्द्र वर्मा)**
**अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी**